मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग
रेसीडेन्सी क्षेत्र, इन्दौर

क्रमांक 5866/30/2022/चयन इन्दौर, दिनांक 29 JUL 2024

राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा – 2021
के अंतर्गत सहायक यंत्री – यांत्रिकी एवं विद्युत के अंतर्गत विज्ञापित पदों के अंतिम चयन परिणाम विषयक
विज्ञप्ति

आयोग द्वारा विज्ञापन क्रमांक 16/2021 दिनांक 30.12.2021 एवं शुद्धिपत्रादि के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा–2021 का विज्ञापन जारी किया गया है। जिसके तहत् विद्युत एवं यांत्रिकी विषयों के विभिन्न विभागों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा–2021 के आयोजन के उपरांत लिखित परीक्षा का परिणाम दिनांक 04.11.2022 एवं अतिरिक्त परीक्षा परिणाम दिनांक 30.11.2022 एवं दिनांक 12.08.2023 को घोषित किया गया है।

2/ उक्त विद्युत एवं यांत्रिकी विषयों के उक्तानुसार लिखित परीक्षा परिणाम के आधार पर यांत्रिकी विषय के तहत् विज्ञापित पदों के लिए परीक्षा में अर्ह अभ्यर्थियों के साक्षात्कार दिनांक 28.08.2023 को एवं विद्युत विषय के तहत् विज्ञापित पदों के लिए परीक्षा में अर्ह अभ्यर्थियों के साक्षात्कार दिनांक 10.07.2024 से 12.07.2024 तक आयोजित किए जाकर संपन्न हुए है।

3/ साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों द्वारा अर्हता अनुसार विभागवार विज्ञापित पदों हेतु अग्रमान्यता प्रस्तुत की गई थी । चयन प्रक्रिया अभ्यर्थियों द्वारा विभागवार दी गई अग्रमान्यता के अनुसार प्राप्तांकों के मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर की जाएगी।

4/ उक्त दोनों विषयों में साक्षात्कार हेतु प्रावधिक अर्ह घोषित अभ्यर्थियों से प्राप्त अग्रमान्यता के अनुसार अंतिम संवीक्षा के दौरान जिन अभ्यर्थियों द्वारा पात्रता धारित नहीं होने पर भी ऐसे पद के लिए अग्रमान्यता अंकित की गई है, जिनके लिए वह अपात्र है, संवीक्षा रिपोर्ट के आधार पर ऐसी त्रुटिपूर्ण अग्रमान्यता को विलोपित किया जाएगा। तत्पश्चात् चयन परिणाम तैयार किया जाएगा।

5/ उक्त प्रक्रिया का पालन करते हुए विद्युत एवं यांत्रिकी विषयों के विभिन्न विभागों के पदों का अंतिम चयन परिणाम घोषित किया जाएगा।

उप सचिव
म०प्र० लोक सेवा आयोग,
इन्दौर